Title: Demand of inquiry against the District Administrator , Mirzapur in Uttar Pradesh for his alleged misbehaviour with the Member of Parliament.

श्री रामशकल (राबर्टसगंज) : सभापति जी, उत्तर प्रदेश के जनपद मिरजापुर के जिलाधिकारी का जनप्रतिनिधियों के साथ जो रवैया है और उनके द्वारा जैसा दुर्वय वहार किया जा रहा है वह असहनीय है। जिले के विकास के संबंध में, सूखा राहत एवं बाढ़ राहत संबंधी जितनी बैठकें हैं, लोक सभा सदन के चलते, हम यहां व्यस्त रहते हैं और वहां वे हमसे बिना पूछे, वे हमारी गैरहाजिरी में बैठकें कर लेती हैं। अभी मैं ६ जून को जब बैठक में भाग लेने पहुंचा, तो हमें रिसीव करने के लिए खराब जीप भेज दी गई।

... (व्यवधान)

डा. विजय सोनकर शास्त्री (सैदपुर): सभापति महोदय, श्री राम शकल जी की बात से हम भी अपने आपको संबद्ध करते हैं।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप बैठिए। ऐसे खड़े होने से तो काम नहीं चलेगा।

डा. विजय सोनकर शास्त्री : सभापति महोदय, इस बात को गंभीरता से लिया जाए। ... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप अगर बीच में इस तरह से खड़े होंगे, तो फिर गंभीरता से कैसे लिया जाएगा। आप कृपया बैठिए।

श्री रामशकल : सभापति महोदय, मैं १८ जून को मिरजापुर में था। मैं जन समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से मिलना चाहता था, लेकिन मुझे अपने बंगले पर मिलने का समय नहीं दिया और वहां उपस्थित होते हुए भी उन्होंने मुझे कहलवा दिया कि वे किसान सेवा केन्द्रों के दौरे पर गई हैं। जब मैंने अपने कार्यकर्ता वहां भेजे, तो जिलाधिकारी महोदय वहां उपस्थित थीं। इसलिए महोदय, आपके माध्यम से मेरी मांग है कि जिलाधिकारी महोदय ने मिरजापुर म उपस्थित होते हुए भी मुझे प्रवास पर जाने की गलत बात कहकर मिलने का समय नहीं दिया, इस घटना की जांच होनी चाहिए और उनको वहां से तत्काल हटाना चाहिए।